V.C.O./G-280
24-08-2023

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800 022

पत्रांक–BSU(Directive)-43/2023- 1338 /रा०स०(1), दिनांक- 23/8/2023

प्रेषक,

रॉबर्ट एल. चोंग्थू
राज्यपाल के प्रधान सचिव

सेवा में,

कुलपति
बिहार राज्य के सभी विश्वविद्यालय

विषय:- **कक्षा में छात्रों की 75% उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राय: ऐसा देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के क्रम में परीक्षा प्रपत्र जमा करने के समय छात्रों की कक्षा में 75% उपस्थिति नहीं होने के पश्चात् भी उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के स्तर से दिया जा रहा है।

इस पर माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता प्रकट करते हुए सम्यक् विचारोपरान्त निदेश देने की कृपा की है कि जिन छात्रों का कक्षा में 75% उपस्थिति नहीं है, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के क्रम में परीक्षा प्रपत्र जमा नहीं कराये जाय तथा उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाय, यदि अन्यथा कोई अन्य उचित कारण न उपलब्ध हो।

कृपया इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,
23.8.2023
(रॉबर्ट एल. चोंग्थू)
राज्यपाल के प्रधान सचिव

अ० छा० क०
त्वरित
2112
24.8.23

सभी विभागाध्यक्ष/अंगीभूत, सम्बद्ध एवं उपशास्त्री महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य
कृपया महामहिम कुलाधिपति के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट किया जाय।
30/8/2023

umber of Affiliated Colleges

कुलसचिव
कामेश्वरसिंह–दरभंगा–संस्कृतविश्वविद्यालय
कामेश्वरनगर, दरभंगा।

REGISTRAR
K.S.D.Sanskrit University
Kameshwar Nagar,
Darbhanga(Bihar)
e-mail: ksdsureg@gmail.com
Pin- 846008

पत्रांक– 1231/23

दिनांक– 01/09/23

सेवा में,

सभी विभागाध्यक्ष / अंगीभूत,
सम्बद्ध एवं उपशास्त्री महाविद्यालयों
के प्रधानाचार्य।

विषयः– कक्षा में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

सन्दर्भः– राज्यपाल सचिवालय, बिहार, राजभवन पटना के पत्रांक BSU (Directive)-43/2023-1338/ रा0स.(1) दिनांक–23.08.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं सन्दर्भ के प्रसंग में कहना है कि जिन छात्रों का कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं है, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के क्रम में परीक्षा प्रपत्र जमा नहीं कराये जाय तथा उन्हें परीक्षा में होने की अनुमति नहीं दी जाय, यदि अन्यथा कोई अन्य उचित कारण उपलब्ध न हो। साथ ही यह निर्देश दिया जाता है कि कक्षाओं में छात्रों की नियमित उपस्थिति कार्य दिवसों में शत् प्रतिशत सुनिश्चित की जाय एवं इसकी सूचना अद्योहस्ताक्षरी को शीघ्र दी जाय।

कुलपति के आदेश से,

01/9/23
कुलसचिव

01/9/23 1/9/23

रौशनी–01.09.23